मेरा हिन्दुस्तान महान

मेरा हिन्दुस्तान महान, मेरा भारत देश महान,
यहां आते देश विदेशी लोग करते हैं गुणगान....

यहां की मिट्टी सोना और लोग है सुनार,
इन्होंने बनाया देश को प्यारा हिंदुस्तान,
मेरा हिन्दुस्तान महान, मेरा भारत देश महान.....

यहां का तिरंगा प्यारा तीन रंग है इसमें महान,
शांति, अहिंसा, वैभव का ये करते गुणगान,
मेरा हिन्दुस्तान महान, मेरा भारत देश महान.....

यहां सब जाति का बसेरा हर धर्म के रहते लोग,
यहां सब जन हिलमिल रहते और इनमें प्यार,
मेरा हिन्दुस्तान महान, मेरा भारत देश महान.....

इस तिरंगे के खातिर हुये वीर कुर्बान,
करो शहिदों को प्रणाम, तिरंगे को सलाम,
मेरा हिन्दुस्तान महान, मेरा भारत देश महान.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28411/title/mera-hindustan-mahan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |